

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF | BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS | शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 6 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 6 सितंबर का इतिहास

- **1965 :** भारतीय सेना ने तीन जगहों से सीमा पार कर पश्चिमी पाकिस्तान पर हमला किया।
- **2008 :** डी.सुब्बाराव ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर का कार्यभार संभाला।
- **1988 :** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **1965 :** ताशकन्द समझौता (भारत-पाकिस्तान) हुआ।
- **1522 :** समंदर के रास्ते पृथ्वी का पूरा चक्कर लगाने वाला पहला 'जहाज विक्टोरिया' स्पेन लौटा था।

## 6 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत में होने वाले आगामी अंडर-17 महिला विश्व फुटबॉल कप में वीडियो सहायक रैफरी तकनीक आयु वर्ग की इस शीर्ष प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी। विश्व फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने यह जानकारी दी। फीफा ने बयान में कहा कि यह प्रतियोगिता नियुक्त किए गए वीएआर के कौशल को परखने और हमारी महिला वीएआर के विकास को जारी रखने का एक और शानदार मौका होगा। यह रोड टू ऑस्ट्रेलिया/न्यूजीलैंड 2023 परियोजना का हिस्सा है।
- पश्चिम बंगाल में वैदिक तारामंडल का मंदिर दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक बन जाएगा। यह इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ कृष्णा कॉन्शियसनेस के मुख्यालय के रूप में काम करेगा। इसमें दुनिया का सबसे बड़ा गुंबद भी होगा। इस पर 100 करोड़ का खर्च आएगा। यह कथित तौर पर कंबोडिया के 400 एकड़ बड़े अंगकोर वाट मंदिर परिसर की जगह लेगा। यह नदिया जिले के पश्चिम बंगाल के मायापुर में है। यह 2024 में खुलेगा। यह ताजमहल और वेटिकन में सेंट पॉल कैथेड्रल से भी बड़ा होगा।
- अभ्यास वोस्तोक-2022 रूस के पूर्वी सैन्य जिले में प्रशिक्षण मैदान में शुरू हुआ। बहुस्तरीय सामरिक और कमान अभ्यास 1 सितंबर से 7 सितंबर 2022 तक चलेगा। इसका उद्देश्य भाग लेने वाली सेनाओं और पर्यवेक्षकों के बीच आदान-प्रदान और समन्वय स्थापित करना है। अभ्यास सुदुर पूर्व और जापान सागर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा और इसमें चीन, भारत और कई अन्य देशों के 50,000 से अधिक सैनिक शामिल होंगे। भारतीय दल अभ्यास स्थल पर पहुंच गया है और सात दिनों में वहां संयुक्त अभ्यास करेगा।
- श्रीलंका ने बांग्लादेश को एशिया कप 2022 के रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया है। बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप ग्रुप बी के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 183 रन बनाए हैं। इसके जवाब में श्रीलंका ने 4 गेंद शेष रहते मैच को दो विकेट से जीता। श्रीलंका की तरफ से कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 60 रन बनाए। श्रीलंका ने पावरप्ले में दो विकेट खोकर 48 रन बनाए।
- अगस्त में माल एवं सेवा कर संग्रह 28 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रूपये पर पहुंच गया।
- तेजस मार्क-2 प्रोजेक्ट को सुरक्षा मामलों से संबंद्ध कैबिनेट समिति ने मंजूरी दे दी है। सीसीएस द्वारा प्रोटोटाइप, उड़ान परीक्षण और प्रमाणन के साथ तेजस मार्क-2 लड़ाकू जेट के डिजाइन और विकास के लिए 6500 करोड़ रूपये मंजूर किए गए है। आवंटन हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को पहले से स्वीकृत 2500 करोड़ रूपये के अतिरिक्त है। तेजस 2.0 में 98 किलोन्यूटन थ्रस्ट क्लास में जीई-एफ 414 इंजन होंगे। यह इसे इसकी उड़ान सीमा का विस्तार करने और अतिरिक्त पेलोड और हथियार ले जाने की अनुमति देगा। वर्तमान संस्करण के तीन टन की तुलना में इसकी पेलोड क्षमता चार टन होगी।
- श्रीलंका ने अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से बाहर निकलने के लिए लगभग 2.9 बिलियन डॉलर के ऋण के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ एक प्रारंभिक समझौता किया है। आईएमएफ प्रबंधन और उसके कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदित होने के बाद, प्रारंभिक समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा। यह 48 महीने का आईएमएफ कार्यक्रम राजकोषीय समेकन का समर्थन करके और ईंधन ओर बिजली के लिए नए मूल्य निर्धारण की शुरूआत करके सरकारी राजस्व बढ़ाएगा। यह केंद्रीय बैंक की स्वायतता का समर्थन करेगा और समाप्त विदेशी भंडार का पुनर्निर्माण करेगा।
- 2022 का सबसे शक्तिशाली वैश्विक तूफान सुपर टाइफून हिन्नामनोर जापान के दक्षिणी द्वीपों और चीन के पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। यह करीब 241 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसके केंद्र में वायुमंडलीय दबाव 920 हेक्टोपास्कल हैं।
- केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्मार्ट समाधान चुनौती और समावेशी शहर पुरस्कार 2022 प्रस्तुत किए। स्मार्ट समाधान चुनौती और समावेशी शहर पुरस्कार नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स और संयुक्त राष्ट्र की एक पहल हैं। इन पुरस्कारों को लोक पर केंद्रित डिजाइन को बढ़ावा देने और नए घरेलू तकनीकी नवाचारों और समाधानों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. वर्ष 2024 तक दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक 'वैदिक तारामंडल' कहाँ बनाया जाएगा ?**

(A) मायापुरी (पश्चिम बंगाल) (B) वाराणसी (उत्तर प्रदेश)
(C) कटरा (जम्मू-कश्मीर) (D) गड़वाल (उत्तराखंड)

**(A)** यह धार्मिक स्मारक दुनिया का सबसे बड़ा गुंबद भी होगा, जो वैदिक तारामंडल मेहमानों को ब्रह्मांडीय निर्माण के विभिन्न हिस्सों की सैर कराएगा। इसे बनाने में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा। इस मंदिर की ऊंचाई 113 मीटर तक होगी, तथ मंदिर का निर्माण पूरा होने पर वेटिकन में सेंट पॉल कैथेड्रल और आगरा में ताजमहल से भी बड़ा होगा।



**2. क्वाड़ वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक 5-6 सितंबर 2022 की मेजबानी कौनसा देश कर रहा है ?**

(A) चीन (B) भारत
(C) अमेरिका (D) श्रीलंका

**(B)** क्वाड़ वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक 5-6 सितंबर 2022 की मेजबानी भारत रहा है। क्वाड़ ग्रुपिंग को लेकर चीन के साथ तनाव बढ़ने के बाद से अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ अगले हफ्ते इस तरह की पहली सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग होगी। 5-6 सितंबर को होने वाली क्वाड एसओएम बैठक, भारत और उसके हिंद्र प्रशांत भागीदारों के बीच सप्ताह में होने वाली कई बठकों में से एक है।



**3. अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में 3500 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज कौन बने है ?**

(A) मार्टिन गुप्टिल (B) विराट कोहली
(C) सूर्यकुमार यादव (D) रोहित शर्मा

**(D)** रोहित शर्मा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में 3500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए है, इन्होंने यह उपलब्धि एशिया कप 2022 में हांगकांग के खिलाफ खेले गए मैच में हासिल की है। सबसे ज्यादा रन बनाने की सूची में न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल दूसरे जबकि भारत के विराट कोहली तीसरे स्थान पर है।



**4. केंद्र सरकार ने केंद्रीय शिक्षा बोर्डों में एकरूपता लाने के लिए किस नाम से एक नया नियामक स्थापित करने की घोषणा की है ?**

(A) PARAKH (B) UMANNG
(C) SANGAM (D) NIDAAN

**(A)** परख देश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूल बोर्ड्स के लिए एक समान नियम, स्टैंडर्ड, गाइडलाइन तैयार करेगा, जिससे बच्चो में 21वीं सदी में जरूरी स्किल्स विकसित की जा सके और उसका मूल्यांकन किया जा सके। यह संस्था राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के एक अंग के रूप में काम करेगी, इसके साथ नेशनल अचीवमेंट सर्वे और स्टेंट अचीवमेंट सर्वे कराने की जिम्मेदारी भी परख की होगी।



**5. हाल ही में किस देश के क्रिकेटर कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया ?**

(A) श्रीलंका (B) न्यूजीलैंड
(C) भारत (D) बांग्लादेश

**(B)** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। जिंबाब्वे में जन्मे डी ग्रैंडहोम ने कहा कि इस फैसले के पीछे उनकी चोट ओर तीनो प्रारूपों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के अलावा कई अन्य कारण है। डी ग्रैंडहोम ने न्यूजीलैंड की तरफ से 29 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने 38.70 की औसत से 1432 रन बनाए। इसमें वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाए गए शतक भी शामिल हैं।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित
काव्य क्लासेज

**6. छात्रों को घर बैठे शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ने भारत का पहला वर्चुअल स्कूल लॉन्च किया है ?**

(A) दिल्ली (B) असम

(C) लद्दाख (D) केरल

**(A)** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में देश का पहला दिल्ली मॉडल वर्चुअल स्कूल लॉन्च किया है। वर्चुअल स्कूल में विद्यार्थियों का ऑनलाइन एसेसमेंट किया जाएगा, इसमें एक बहुत बड़ी डिजिटल लाइब्रेरी होगी, जिसमें विद्यार्थी 24 घंटे किसी भी समय डिजिटल लाइब्रेरी का सारा कॅटेंट एक्सेस कर सकेंगे।



**7. भारत ने जैव विविधता संरक्षण के लिए किस देश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है ?**

(A) बांग्लादेश (B) भूटान

(C) नेपाल (D) श्रीलंका

**(C)** भारत ने जैव विविधता संरक्षण के लिए नेपाल देश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच वन, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना है। इसके साथ साथ इसमें भारत-नेपाल कॉरिडोर की बहाली और आसपास के क्षेत्रों में वन्य संरक्षण व जैव संरक्षण के उपायों का प्रावधान रहेगा।



**8. पहला होम्योपैथी अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन 2022 कहाँ आयोजित हुआ है?**

(A) नई दिल्ली (भारत) (B) ब्रुसेल्स (बेल्जियम)

(C) जकार्ता (इंडोनेशिया) (D) दुबई (संयुक्त अरब अमीरात)

**(D)** होम्योपैथी अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन का आयोजन बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था, भारत और दुनिया भर के कई प्रमुख और बेहतरीन डॉक्टरों ने भी शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा, दवाओं और प्रथाओं की होम्योपैथिक प्रणाली को शिक्षित और बढ़ावा देना है।




**9. किस राज्य सरकार ने विनाइल के बैनरों पर प्रतिबंध लगाया ?**

(A) राजस्थान (B) आंध्रप्रदेश

(C) उत्तरप्रदेश (D) हिमाचल प्रदेश

**(B)** आंध्र प्रदेश की सरकार ने प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के तहत राज्यभर में विनाइल के बैनर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। मुख्यमंत्री वाई.एस.जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए इसके बजाय कपड़े के बैनर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यूएस बेस्ड अभियान पार्लेज फॉर ओशन्स के साथ साझेदारी में बड़े पैमान पर समुद्र तट की सफाई का कार्यक्रम शुरू किया।



**10. हाल ही में किस राज्य सरकार ने सरपंच प्रॉक्सी पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है ?**

(A) पंजाब (B) हरियाणा

(C) केरल (D) मध्यप्रदेश

**(A)** पंजाब सरकार ने घोषणा की है कि निर्वाचित महिलाओं के पति या रिश्तेदारों को पंचायती राज संस्थाओं की किसी भी बैठक में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पंजाब में सरकार ने 2017 में पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण लागू किया था। महिलाओं को सशक्त बनाने और महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

